**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 04 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना दिवस के अवसर पर जवानों को बधाई दी है।श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नौसेना के बहादुर जवान अदम्य साहस और समर्पण के साथ देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिबद्धता राष्ट्र की रक्षा, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें भारतीय नौसेना के समृद्ध समुद्री इतिहास पर बहुत गर्व है।

**************************************************************

**केंद्रीय** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र को आधिकारिक रूप से एक निकाय के रूप में मान्यता दी है। इसका उद्देश्य अंतरिक्ष क्षेत्र में व्यवसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को सशक्त बनाना है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय सचिव की उपस्थिति में इस सहमति पर हस्ताक्षर किए गए।राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र अंतरिक्ष विभाग के तहत एक स्वायत्त एजेंसी के रूप में कार्यरत है। एक आधिकारिक निकाय के रूप में संस्थान की यह मान्यता विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिकृत मान्यता देने में सहायक होगी। इससे ये प्रशिक्षण कार्यक्रम स्किल इंडिया मिशन जैसी मुख्य राष्ट्रीय पहलों के साथ मजबूती से जुड़ सकेंगे। यह सहयोग संस्थान को उपग्रह विनिर्माण, कृषि में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और प्रक्षेपण यान के मिशन डिजाइन जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने में सक्षम बनायेगा।

**************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने किसानों को प्राथमिकता देते हुए राज्य के सभी गांवों की सोलर मैपिंग कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा

का उपयोग पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेगा। इससे सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ बिजली कटौती की समस्या से भी निजात मिलेगी।श्री विज ने कल चंडीगढ़ में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक कर इसके लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने उपभोक्ताओं के लिए सरचार्ज माफी और बकाया राशि को किश्तों में लेने की व्यवस्था लागू करने के भी निर्देश दिए ताकि किसी उपभोक्ता को आर्थिक असुविधा न हो।बिजली वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मंत्री ने उन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर और कंडक्टर को तुरंत अपग्रेड करने के आदेश दिए जहां इसकी ज़रूरत है।बिजली चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए श्री विज ने आर्म्ड केबल के उपयोग को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह कदम विभागीय घाटे को कम करने और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने में मददगार होगा।

*****************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को प्रदेश में संचालित सभी बसों का गहन निरीक्षण करने और कंडम बसों को तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दिव्यांग नागरिकों की सुविधा के लिए हर बस अड्डे पर व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा ताकि दिव्यांगजनों को यात्रा में कोई असुविधा न हो।श्री अनिल विज ने कल चंडीगढ़ में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान दिए यह निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक खेमका भी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि श्री विज ने पिछले दिनों कैथल बस अड्डे का औचक निरीक्षण किया था जिसमें सफाई और रखरखाव में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं थी। निरीक्षण के बाद परिवहन मंत्री ने स्टेशन सुपरवाइजर सुनील कुमार और बस चालक मोनू को निलंबित करने के निर्देश दिए थे, विभाग ने उन्हें कल निलंबित कर दिया है।

*****************************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश में कुल 2 लाख 6 हज़ार 770 दिव्यांगजन हैं और उनका विभाग दिव्यांजनों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा है।कल पंचकूला में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को तीन हज़ार रुपए मासिक पेंशन, सरकारी नौकरियों में आरक्षण सहित कई सुविधाएं दी जा रही है।

*****************************************************************

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि समाज में कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता, उसे किसी न किसी के सहयोग की ज़रूरत पड़ती है और यही बात दिव्यांगजनों के मामले में भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग किसी भी तरह से किसी आम इंसान से कमतर नहीं होते बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए थोड़े सहयोग की ज़रूरत होती है।विधानसभा अध्यक्ष कल पंचकूला के सेक्टर 16 स्थित हरियाणा वाणी एवं श्रवण संस्थान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान को 5 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। श्री हरविंदर कल्याण ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठा रहा है और उनके लिए दिव्यांग अधिकार अधिनियम भी मददगार साबित हो रहा है।